



# आंगनबाड़ियों में भोजन की गुणवत्ता व पारदर्शिता पर जोर



**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 16 सितंबर। 9 वें राष्ट्रीय पोषण माह की हमारी आंगनबाड़ी हमारी जिम्मेदारी थीम के तहत जिले भर के आंगनबाड़ी केंद्रों में दो दिवसीय विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। ताजा एवं विविधतापूर्ण गर्म पका भोजन विषय पर केंद्रित इन कार्यक्रमों के माध्यम से पोषण आहार की गुणवत्ता, विविधता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के साथ सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने का प्रयास किया गया।**

विगत दिवस आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का स्वाद और भोजन में रुचि बढ़ाने के लिए हॉट कुक्ड मील के साप्ताहिक मेन्यू में स्थानीय खाद्य पदार्थों के अनुसार बदलाव किया गया। मेन्यू में विभिन्न खाद्य समूहों को शामिल करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीणों के साथ हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी विषय पर जनसंवाद आयोजित हुआ।

शुरुआती 1,000 दिनों में बेहतर पोषण के लिए अभिभावकों को परामर्श दिया गया, जबकि 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए शिशु दिवस व अन्नप्राशन दिवस का आयोजन कर नवचेतन आधारित गतिविधियां आयोजित की गईं। 6 से 60 माह के अति गंभीर कुपोषित (सैम) बच्चों की भूख की जांच की गई, जिसमें फेल पाए गए बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) भेजा गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत अस्पतालों का भ्रमण कर पात्र महिलाओं का पंजीयन किया गया और गणेश पंडालों के माध्यम से पोषण प्रसादी का वितरण किया गया। अभियान के दूसरे दिन बुधवार, 16 सितंबर को आंगनबाड़ी केंद्रों पर नाश्ते और गर्म पके भोजन का साप्ताहिक मेन्यू प्रदर्शित किया गया।

### लगातार झूठ परोस रही है कांग्रेस

भोजन की उपलब्धता और उसकी सही मात्रा की जानकारी समुदाय को दी गई ताकि व्यवस्था में पूरी तरह पारदर्शिता बनी रहे। एनआरसी से लौट चुके बच्चों का साप्ताहिक फॉलोअप शुरू करते हुए उनके परिवारों को पोषण संबंधी सलाह दी गई। दोनों ही दिन 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का शारीरिक माप लेकर उसकी प्रविष्टि पोषण ट्रैकर ऐप में की गई। प्रशासन की ओर से बताया गया कि इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के भोजन की गुणवत्ता और मात्रा में सुधार लाना, कुपोषण की समय पर पहचान कर इलाज उपलब्ध कराना और जन सहभागिता से पोषण सेवाओं को मजबूत बनाना है। विभाग ने सभी हितग्राहियों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्वयं सहायता समूहों से पोषण माह के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।



# राष्ट्रीय राजमार्ग-39 की बदहाली पर लोगों ने लगाए 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के नारे

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 16 सितंबर। राष्ट्रीय राजमार्ग-39 की जर्जर एवं बदहाल स्थिति को लेकर बुधवार को देवेंद्रनगर में नगरवासियों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया। नगर परिषद सभागार में हुई बैठक के बाद सभी व्यापारी एवं आम नागरिक एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे।**

इस दौरान शासन-प्रशासन के खिलाफनारे लगाए गए और 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का नारा भी गूंजा। इस आंदोलन की सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि सभी समाजों के लोगों, पत्रकारों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों ने एकजुट होकर इसमें भाग लिया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि पूरे देवेंद्रनगर का सामूहिक जनआंदोलन है और इसका उद्देश्य केवल नगर की सड़क की समस्या का स्थायी समाधान कराना है । नगरवासियों का कहना है कि जर्जर सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। मोटरसाइकिल चालक गिर रहे हैं, वहीं साइकिल एवं पैदल चलने वाले लोग भी सुरक्षित नहीं हैं। सड़क मरम्मत के नाम पर ठेकेदार द्वारा सड़क पर डाली गई धूल ने समस्या को और गंभीर कर दिया है। बारिश में यही धूल कीचड़ में तब्दील हो जाती है और धूप निकलने पर वाहनों के आवागमन से धूल का ऐसा गुबार उठता है कि पूरा नगर कोहरे की तरह धूल से ढक जाता है। हालात यह हैं कि कोरोना काल की तरह बिना मास्क के सड़क पर निकलना भी सुरक्षित नहीं रह गया है। देवेंद्रनगर के सभी शासकीय कार्यालय, पूरा मुख्य बाजार तथा अनेक स्कूल इसी मार्ग से जुड़े होने के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। इसके बावजूद सड़क की स्थिति में सुधार नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

इसके बाद नगर के तिराहे पर नगरवासियों द्वारा सांकेतिक चक्का जाम किया गया। स्थानीय पुलिस ने प्रयास कर जाम खुलवाया। तहसीलदार के पहुंचने के बाद नगरवासियों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सड़क की तत्काल मरम्मत एवं डामरीकरण की मांग करते हुए शासन-प्रशासन को 20 सितंबर तक का समय दिया गया है। नगरवासियों ने स्पष्ट किया कि यदि 20 सितंबर तक देवेंद्रनगर की सड़क की मरम्मत एवं डामरीकरण नहीं किया गया तो 20 सितंबर से पूरा नगर बंद कर अनिश्चितकालीन नगर बंद एवं अनिश्चितकालीन चक्का जाम किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों की तादाद में नगरवासी सड़कों पर उतरकर अपनी मांग के समर्थन में एकजुट नजर आए।

# चलती बस से गिरकर युवक की मौत

## पिछले पहिए की चपेट में आने से गंवाई जान

**नवभारत न्यूज**

**सलेहा, 16 सितंबर। गत दिवस की शाम दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना कुलगवां गांव के पास की है, जहां यादव ट्रेवल्स की चलती बस से अचानक नीचे गिरने के कारण युवक बस के पिछले पहिए के नीचे आ गया।**




प्राप्त जानकारी के अनुसार, 15 सितंबर की शाम यादव ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 19 पी 0865 सलेहा से मुटमुरु की ओर जा रही थी। इसी दौरान कुलगवां गांव के समीप बस में सवार शालिक राम कोल उम्र 40 वर्ष, पिता विष्णु कोल, निवासी ग्राम गुडहा थाना उचेहरा अचानक अनियंत्रित होकर चलती बस से नीचे गिर पड़े। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि वह सीधे बस के पिछले पहिए की चपेट में आ गए और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना तुरंत सलेहा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

# रोजगार के लिए तैयार करेगा 30 दिवसीय सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 16 सितंबर। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत उन्नति फाउंडेशन, बेंगलुरु के सहयोग से छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी सॉफ्ट स्किल एवं एम्प्लॉयबिलिटी स्किल प्रशिक्षण के प्रथम बैच का शुभारंभ 16 सितंबर को हुआ।**



प्रतिदिन प्रात: 10 से दोपहर 1 बजे तक चलने वाले इस प्रशिक्षण का संचालन प्राचार्य डॉ. जे. के. वर्मा, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी. पी. मिश्रा और नोडल अधिकारी डॉ. बी. एन. जायसवाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। सत्र का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ. जे. के. वर्मा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में शैक्षणिक ज्ञान के साथ प्रभावी संवाद, आत्मविश्वास और टीमवर्क जैसे व्यावहारिक गुण बेहद जरूरी हैं। नोडल अधिकारी डॉ. बी. एन. जायसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार योग्य बनाना है। ट्रेनर अमित सोनी ने बताया कि 30 दिनों के इस गतिविधि-आधारित प्रशिक्षण में छात्रों को इंटरव्यू स्किल्स, रिज्यूमे राइटिंग, टाइम मैनेजमेंट, कम्युनिकेशन और पर्सनालिटी डेवलपमेंट की बारीकियां सिखाई जाएंगी।



# एससी, एसटी एक्ट के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सवर्ण संगठन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 16 सितंबर। अजयगढ़ थाने में दर्ज अपराध क्रमांक 0455/2026 में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सवर्ण अधिकारी कर्मचारी एवं सामान्य वर्ग उत्थान संगठन लामबंद हो गया है। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पन्ना पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पारदर्शी कार्रवाई का अनुरोध किया।**

यह पूरा मामला 31 अगस्त को दर्ज हुई उस एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें कृष्णा गुप्ता, दिलीप गुप्ता और दीपू अहिरवार को नामजद आरोपी बनाया गया है। इस प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं समेत एससी, एसटी एक्ट की विभिन्न धाराएं लगाई गई हैं। ज्ञापन सौंपने से पहले मोहन राजविलास में सामान्य वर्ग हित चिंतन संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष इंजी. अजय तिवारी ने की। मंचीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय तिवारी ने स्पष्ट किया कि उनका संगठन वास्तविक पीड़ितों के अधिकार और न्याय के साथ खड़ा है, लेकिन इस कानून का दुरुपयोग कर निर्दोषों को फंसाया जाना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने मांग की कि ऐसे मामलों में एफआईआर के तुरंत बाद एकतरफा कार्रवाई के बजाय निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, साथ ही एससी, एसटी एक्ट में जरूरी संशोधन की आवश्यकता पर भी बल दिया। संगठन का दावा है कि एफआईआर में दर्शित घटना की मुख्य पृष्ठभूमि अजयगढ़ के जयस्तंभ चौराहे स्थित एक दुकान के सामने बांस का सामान रखने को लेकर हुए आपसी विवाद से जुड़ी है। इसे आधार बनाकर संगठन ने मांग उठाई है कि मामले की जमीनी सच्चाई सामने लाने के लिए स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जाएं और यदि घटनास्थल पर सीसीटीव्ही फुटेज उपलब्ध हो तो उसका वैज्ञानिक परीक्षण कराया जाए। संगठन ने ज्ञापन के जरिए मांग रखी है कि इस संवेदनशील जांच की जिम्मेदारी किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को सौंपी जाए, ताकि किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय न हो। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने पूरे मामले को सुनने के बाद प्रतिनिधिमंडल को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। इस दौरान एडवोकेट रामलाल गौतम, के.के. खनेजा, अंकित तिवारी, महेश खैरहा, विपुल जैन, रामलखन तिवारी, मोनू गुप्ता, मुरारीलाल थापक, राजेश चौरहा, महीप रावत, आलोक खरे, पवन द्विवेदी, नरेंद्र तिवारी, पुरुषोत्तम तिवारी, संजय तिवारी (गुनौर), आशुतोष पांडे, पिंटू मिश्रा (अजयगढ़), शोभा खैरहा, कमला गंगेले, रुचिता सिंह, वर्षा बुंदेला समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन व पंजीयन-2026 योजना का आज से होगा क्रियान्वयन

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 16 सितंबर। कलेक्टर ऊषा परमार ने निर्देश दिए हैं कि स्वामित्व योजना के तहत आयोजित होने वाले कैंपों में सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित तिथि पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण तैयारी समय पर पूरी कर ली जाए और अभियान को गंभीरता से लिया जाए।**

स्वामित्व योजना शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना है, अत: इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना के क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित शासकीय सेवकों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे को इसका नोडल अधिकारी बनाया गया है। इस योजना का 17 सितम्बर से क्रियान्वयन किया जाएगा। योजना के अंतर्गत शासन द्वारा भूमिस्वामियों के पक्ष में तैयार अधिकार अभिलेखों का नि:शुल्क पंजीयन रजिस्ट्री कराया जाएगा। रजिस्ट्री हेतु भूस्वामी की आधार ईकेवायसी होना आवश्यक है। योजना के तहत पंजीयन के लिए पंचायत उपकर एवं अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी में छूट का भी प्रावधान किया गया है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पटवारी को निष्पादक घोषित किया गया है, जबकि तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक तथा पंचायत स्तर के संबंधित अधिकारियों को उप पंजीयक की शक्तियां प्रदान की गई हैं।

योजना का प्रमुख उद्देश्य भूमि स्वामियों को उनके संपत्ति संबंधी अधिकारों का विधिवत पंजीयन उपलब्ध कराते हुए उस संपत्ति के आधार पर बैंकिंग संस्थाओं से ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाना है। योजना के तहत संपूर्ण प्रक्रिया नि:शुल्क रूप से संचालित की जाएगी। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवासरत नागरिकों को उनकी संपत्ति का कानूनी मालिकाना हक (पक्की रजिस्ट्री) नि:शुल्क दिया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा स्टाम्प शुल्क, पंजीयन फीस, जनपद तथा पंचायत व नगरीय निकाय उप कर में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की गई है। इस विधिक दस्तावेज की मदद से ग्रामीण नागरिक अपनी संपत्ति को वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में उपयोग कर बैंकों से सुगमता से लोन ले सकेंगे।

### पंचायत स्तर पर लगेंगे शिविर

योजना के क्रियान्वयन के लिए पंचायत स्तर पर सप्ताह में तीन दिवस पूर्ण दिवसीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। पहला शिविर आज से 19 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। संपूर्ण प्रक्रिया मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में संचालित होगी। भूमि स्वामी द्वारा भूलेख एप व पोर्टल पर आधार ईकेवायसी एवं लैंड लिंकिंग की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। इसके पश्चात एप के माध्यम से आवेदनकर्ता द्वारा पंजीयन विलेख तैयार किया जाएगा। पटवारी द्वारा निष्पादित पंजीयन विलेख का सत्यापन कर सारा एप के माध्यम से ई-साइन किया जाएगा तथा संबंधित अधिकृत अधिकारी द्वारा संपदा एप के माध्यम से पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। समस्त भूमिस्वामी से अपील की गई है कि भूलेख पोर्टल पर स्वयं का आधार ईकेवायसी कार्य पूर्ण करायें, भूमिस्वामी निर्धारित शिविरों में उपस्थित होकर अपने अधिकार अभिलेख के पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण कराएं तथा योजना का लाभ उठाएं।

# आज कलेक्टोरेट परिसर एवं ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

पन्ना, 16 सितंबर। कलेक्टर पन्ना श्रीमती उषा परमार के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर. पी. तिवारी के निर्देशन में सेवा संकल्प अभियान-2026 अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर को कलेक्ट्रेट परिसर पन्ना एवं ब्लड बैंक पन्ना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में 18 वर्ष से अधिक उम्र के स्वस्थ्य व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान कर सकेंगे। रक्तदान एक महान कार्य है आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकता है। यह न केवल दूसरो की जान बचाने में मदद करता है बल्कि दानदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।

# कलेक्टर ने स्वीकृत की क्षतिपूर्ति सहायता राशि

## पिता-पुत्र की मृत्यु पर चार-चार लाख रूपए की क्षतिपूर्ति सहायता राशि स्वीकृत

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 16 सितंबर। कलेक्टर न्यायालय पन्ना द्वारा मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना 2008 (अ) अंतर्गत गत 20 अगस्त को कृषि कार्य के दौरान पिता-पुत्र की मृत्यु पर चार-चार लाख रूपए की क्षतिपूर्ति सहायता राशि स्वीकृत की गई है।**



पवई एसडीएम समीक्षा जैन द्वारा स्वीकृति आदेश मंगलवार को परिजनों को सौंपा गया। कलेक्टर ऊषा परमार ने तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पवई के प्रतिवेदन पर इस संबंध में गत दिवस आदेश जारी किया गया था। ग्राम नारायणपुरा की आराजी नंबर 914 रकवा 0.08 हे. भूमि के खातेदार उजागर ढीमर एवं अतुल ढीमर निवासी नारायणपुरा की भूमि पर निर्मित बोर में कृषि कार्य के लिए रखी विद्युत मोटर को निकालने के लिए पिता एवं पुत्र उजागर ढीमर एवं अतुल ढीमर हाथ बोर में नीचे उतरे थे, लेकिन अचेत होकर गिरने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई और उपचार के लिए पवई अस्पताल लाने पर इलाज के दौरान इनकी मृत्यु हो गई थी। हल्का पटवारी नारायणपुरा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन और पीएम रिपार्ट से पिता-पुत्र की मृत्यु कृषि कार्य करते समय हाथ बोर में रखी विद्युत मोटर को निकालने के दौरान दम घुटने से प्रमाणित होना पाया गया, जिसके तहत निकटतम वारिस मृतक अतुल की पत्नी रेखा वर्मन एवं मृतक उजागर की पत्नी हुकम बाई को क्षतिपूर्ति सहायता राशि स्वीकृत की गई।

# हर आंगनबाड़ी केंद्र पर होगा आंगन मिलन

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 16 सितंबर। सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'आंगन मिलन सेवा' का आयोजन किया जाएगा। 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।**

अभियान का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों को सेवा, पोषण, सीखने, जनसहभागिता और सम्मान के जीवंत केंद्र के रूप में विकसित करना है। अभियान के माध्यम से बच्चों और माताओं को शासन की योजनाओं से जोड़ने के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं और अन्य फ्रंटलाइन कर्मियों के योगदान को भी सम्मान दिया जाएगा। अभियान के लिए प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र की तीन दिवसीय सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार की जाएगी। 26 से 28 सितंबर, 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तथा 2 से 5 अक्टूबर की अवधि में प्रत्येक केंद्र के लिए कार्यक्रम की तिथि निर्धारित की जाएगी। पहला दिन बाल स्वास्थ्य एवं आनंदमयी गतिविधियों के नाम रहेगा। तीन से 6 वर्ष के बच्चों के बीच प्रधानमंत्री के संदेश का वाचन एवं कॉमिक वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री की अपील का प्रसारण किया जाएगा। बच्चों के लिए खेल, कहानी, चित्रकला और मनोरंजक गतिविधियां होंगी। बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यक जांच कराई जाएगी तथा फल और मिठाई वितरित की जाएगी। दूसरे दिन मातृ स्वास्थ्य एवं पोषण संवाद होगा। गर्भवती एवं धात्री माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। तीसरा दिन 'मेरी कहानी, मेरी सफलता' के नाम होगा। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, टेक होम राशन, गर्म पका भोजन सहित पोषण, स्वास्थ्य और महिला-बाल कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। 'आंगन मिलन सेवा' को जनभागीदारी के साथ डिजिटल माध्यम से भी व्यापक स्वरूप दिया जाएगा।

# सामूहिक दुष्कर्म के दोनों आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

## अकेली महिला से गांव के दो युवकों ने की थी दरिंदगी

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 16 सितंबर। सलेहा थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है।**



घटना उस समय हुई जब महिला अपने बच्चों के साथ घर पर अकेली थी और उसके परिजन बाहर गए हुए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 14 सितंबर की रात करीब 11 बजे की है। पीड़िता अपने पक्के कमरे में बच्चों के साथ सो रही थी, तभी गांव के ही दो युवक उसके घर में जबरन घुस आए। आरोपियों ने पीड़िता का मुंह दबाकर उसे दबोच लिया और बारी-बारी से दरिंदगी की। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने तुरंत घटना की जानकारी अपने परिजनों और पति को फोन पर दी। इसके बाद 15 सितंबर को सलेहा थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। महिला की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन और थाना प्रभारी शक्ति प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने दर्दहाई मोड़, पटना तमोली के पास घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा।

# सेवा संकल्प अभियान : कलेक्टर ने गतिविधिवार नियुक्त किए नोडल अधिकारी

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 16 सितंबर। शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक पन्ना जिले में भी सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा अभियान में निर्धारित गतिविधियों के सफल आयोजन के उद्देश्य से गतिविधिवार नोडल अधिकारी नियुक्त कर आवश्यक दायित्व सौंपा गया है।**



मुख्य गतिविधियों में शामिल आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी सहित अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण शशिकपूर गढ़पाले, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। अभियान के शुभारंभ पर गुरूवार को यह कार्यक्रम पन्ना जिला मुख्यालय स्थित महाराज सागर एवं धर्मसागर तालाब परिसर में होगा। इसके अलावा पन्ना के प्रमुख मंदिरों और प्रत्येक नगर के तालाब व मंदिरों में भी एक साथ शाम 7 बजे दीप प्रज्वलन किए जाएंगे। नोडल अधिकारी द्वारा पर्याप्त संख्या में दीयों की व्यवस्था सुनिश्चित कर हितग्राहीमूलक योजनाओं के लाभार्थी तथा कोविड टीकाकरण के लाभार्थियों को भी कार्यक्रम में जोड़ा जाएगा। ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रत्येक हितग्राही परिवार के घर पर दीये जलाए जाएंगे। हर ग्राम पंचायत तथा नगर पालिका वार्ड में न्यूनतम 500 दीपक और नगर परिषद वार्ड में न्यूनतम 250 दीपक प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। जिले के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व जिला अस्पताल में रक्तदान शिविरों का आयोजन होगा।

### अन्य दिवसों में आयोजित गतिविधियां

सेवा संकल्प अभियान के तहत 19 से 25 सितम्बर के मध्य खण्ड स्तर पर मेरे सपनों का भारत गतिविधि अंतर्गत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता होगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 26 सितम्बर को आयोजित की गई है। इस क्रम में नमो सेवा के तहत 19 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक नुक्कड़ नाटक के जरिए जनकल्याणकारी योजनाओं और बदलाव की कहानियों को प्रस्तुत करने की गतिविधि होगी। इसी तरह आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगन मिलन सेवा की गतिविधि 26 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक, सेवा की कहानी गतिविधि 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक, सेवा मेरा योगदान एवं सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार की गतिविधि 2 से 10 अक्टूबर तक संचालित की जाएगी। 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्रा निकलेगी। इसके पूर्व गुजरात के वड़नगर से उत्तर प्रदेश के वाराणसी तक सेवा यात्रा भी निकाली जाएगी। अंतिम दिवस 17 अक्टूबर को सुशासन सेवा संवाद कार्यक्रम होगा। अभियान अवधि में 25 साल-25 कहानियां और विकसित भारत संकल्प यात्रा इन्फ्लूएंसर एक्सचेंज कार्यक्रम भी निर्धारित तिथि पर आयोजित किया जाएगा।